प्रेस नोट-11

दिनांक 09.03.2025

सराहनीय कार्य थाना जामो

चोरी के अभियोग में वांछित 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद बिल्डिंग मशीन, 01 अदद कटर मशीन व 01 अदद इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 09.03.2025 को उ0नि0 संजीव कुमार थाना जामो मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 48/25 धारा 331(4), 305 बीएनएस में वांछित 02 नफर अभियुक्त 1.मंजीत पुत्र स्व0 गिरधारी लाल निवासी नन्दमहर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष 2. अमृत लाल पुत्र केदारनाथ निवासी ग्राम पूरे सुबेदार मजरे नदियावां थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को समय करीब 04.40 बजे प्रात: गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त मंजीत ने बताया कि नन्दमहर भादर रोड पर मेरी बिल्डिंग की दुकान है जिसके सामने रंजीत ने नयी बिल्डिंग की दुकान खोली थी, मैने रंजीत को अपनी दुकान के सामने दुकान खोलने से मना किया था लेकिन रंजीत नही माना जिससे मेरी दुकानदारी कम हो गयी थी। मैने अपने मित्र अमृत लाल के साथ मिलकर मौका पाकर दिनांक 06.03.2025 की रात्रि में रंजीत की दुकान में चोरी करके समान को वहीं पास में छिपा दिया था। अभियुक्तों की निशानदेही पर 01 अदद बिल्डिंग मशीन, 01 अदद कटर मशीन व 01 अदद **इलेक्ट्रॉनिक** तराजू बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. मंजीत पुत्र स्व0 गिरधारी लाल निवासी नन्दमहर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष।
2. अमृत लाल पुत्र केदारनाथ निवासी ग्राम पूरे सुबेदार मजरे नदियावां थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 48/25 धारा 331(4), 305, 317(2) बीएनएस थाना जामो जनपद अमेठी।

बरामदगी-

1. 01 अदद बिल्डिंग मशीन।
2. 01 अदद कटर मशीन।
3. 01 अदद इलेक्ट्रॉनिक तराजू।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 संजीव कुमार थाना जामो जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 दलजीत सिंह थाना जामो जनपद अमेठी।
3. हे0का0 जावेद अहमद थाना जामो जनपद अमेठी।
4. का0 संजय कुमार थाना जामो जनपद अमेठी।